**आर्मी पब्लिक स्कूल शिलांग**

**वार्षिक परीक्षा - 2022-2023**

**विषय: हिंदी**

**कक्षा : VI**

**अवधि : 3 घंटे** **पूर्णांक : 80**

**सामान्य निर्देश** :

- सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |
- यथा संभव प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए ।
- लिखावट की सुंदरता व् स्पष्टता का ध्यान रखें ।

**खंड - 'अ'**

1 **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

साहस की जिंदगी रोमांचक होती है । ऐसी जिंदगी की सबसे बड़ी पहचान यह है कि साहसी व्यक्ति इस बात की चिंता नहीं करता कि तमाशा देखने वाले लोग उसके बारे में क्या सोचते हैं । जनमत की उपेक्षा करके जीने वाले आदमी दुनिया की असली ताकत होते हैं और दुनिया को प्रकाश भी उसी से मिलता है । अड़ोस-पड़ोस को देखकर चलना साधारण जीव का काम है। क्रांति करने वाले लोग अपने उद्देश्य की तुलना किसी और के साथ नहीं करते और न ही वे पड़ोसी की चाल देखकर अपनी चाल को मद्धिम बनाते हैं ।

क. साहस की जिंदगी की क्या पहचान है ? **1**

ख. कैसा व्यक्ति दुनिया की असली ताकत होता है ? **1**

ग. साधारण लोग कैसे होते हैं ? **1**

घ. क्रांति करने वाले लोग कैसे होते हैं ? **1**

ङ. गद्यांश को एक उचित शीर्षक प्रदान कीजिए | **1**

2. **दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से चुनकर लिखिए:**

1. 'आज माँ ने मसालेदार सब्जी बनाई | 'दिए गए वाक्य में विशेषण चुनिए - **1**

क. सब्जी

ख. आज

ग. बनाई

घ. मसालेदार

2. तगड़े बच्चे कुश्ती हार गए | 1

क. तगड़े

ख. कुश्ती

ग. बच्चे

घ. हार

3. मैं भूख से मर रहा हूँ |वाक्य में रेखांकित शब्द कौन-सा सर्वनाम है ? 1

क. पुरुषवाचक सर्वनाम

ख. अनिश्चयवाचक सर्वनाम

ग. निश्चयवाचक सर्वनाम

घ. प्रश्नवाचक सर्वनाम

4.. केशव घबराकर उठा | दिए गए वाक्यों में क्रिया विशेषण छाँटिए 1

क. केशव

ख. उठा

ग. घबराकर

घ. कोई नहीं

5. केशव रोनी सूरत बनाकर बोला | दिए गए वाक्यों में क्रिया विशेषण छाँटिए 1

क. रोनी

ख. सूरत

ग. बनाकर

घ. बोला

6. 'पथरीला' में कौन सा प्रत्यय है- 1

क. इक

ख. इत

ग. ईला

घ. ता

7. जहर + ईला से बना है- 1

क. जहरीला

ख. जहरीली

ग. जिहरीला

घ. जहरीलि

8. 'हाथ' शब्द का पर्यायवाची शब्द है- **1**

क. हस्त

ख. कान

ग. नाक

घ. हाथी

9. माता शब्द का पर्यायवाची शब्द नहीं है- **1**

क. अम्मा

ख. माँ

ग. नाना

घ. जननी

10. 'दिन' शब्द का विलोम बताए- **1**

क. सुबह

ख. दिवस

ग. रात

घ. शाम

11. 'वीर' शब्द का विलोम बताए **1**

क. डरपोक

ख. नालायक

ग. लायक

घ. कायर

12. 'लोक' शब्द जोड़कर बना है- **1**

क. नायक

ख. लोकप्रिय

ग. कला

घ. लोक

13. काट' क्रिया से बना है **1**

क. चड़ाई

ख. कटाई

ग. कटा

घ. चटाई

14. 'रंग' क्रिया से बना है- **1**

क. राग

ख. रंगाई

ग. तंग

घ. संग

15. 'पुट' शब्द का अर्थ है- **1**

क. पेट

ख. होंठ

ग. नाक

घ. मुँह

16. 'बिलोचन' शब्द का अर्थ है- **1**

क. पानी

ख. आँख

ग. शरीर

घ. मुँह

3. **दिए गए काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नोत्तर के उत्तर दिए गए विकल्पों से चुनकर लिखिए |**

पुर तें निकसीं रघुबीर - बधू, धरि धीर दए मग में डग द्वै।
झलकीं भरि भाल कनी जल की, पुट सूखि गए मधुराधर वै।।
फिरि बूझति हैं, "चलनो अब केतिक, पर्नकुटि करिहौं कित ह्वै?"
तिय की लखि आतुरता पिय की आँखियाँ अति चारु चलीं जल च्वै।।

1. 'वन के मार्ग में' पाठ के कवि कौन हैं? 1

क. विष्णु प्रभाकर

ख. जयंत विष्णु नार्लीकर

ग. तुलसीदास

घ. सुमित्रानंदन पंत

2. रघुबीर की वधू कौन थी? 1

क. गीता

ख. सीता

ग. द्रौपदी

घ. कुंती

3. राम की आँखों में आँसू क्यों आ गए? 1

क. वन के कष्टों के कारण

ख. घर की याद आने से

ग. सीता की व्याकुलता देखकर

घ. अपने पिता को याद करके

4. पर्नकुटी किस चीज़ से बनती है ? 1

क. पत्थर से

ख. पानी से

ग. पत्तों से

घ. इनमें से कोई नहीं

5. 'तीय' शब्द का अर्थ है - 1

क. लड़की

ख. पत्नी

ग. बालिका

घ. कन्या

**4. नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दिए गए उचित विकल्प चुनकर लिखिए-**

बाँस भारत के विभिन्न हिस्सों में बहुतायत में होता है | भारत के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के सातों राज्यों में बाँस बहुत उगता है | इसलिए वहाँ बाँस की चीजें बनाने का चलन भी खूब है | सभी समुदायों के भरण-पोषण में इसका बहुत हाथ है | यहाँ हम खासतौर पर देश के उत्तरी- पूर्वी राज्य नागालैंड की बात करेंगे | नागालैंड के निवासियों में बाँस की चीज़ें बनाने का खूब प्रचालन है |

1 बाँस कहाँ बहुतायत में पाए जाते हैं ? 1

क. उत्तर-पश्चिम

ख. उत्तर-दक्षिण

ग. उत्तर-पूर्व

घ. दक्षिण-पूर्व

2. भारत के उत्तर-पूर्व में कुल कितने राज्य हैं ? 1

क. पाँच

ख. छह

ग. आठ

घ. सात

3. समुदायों के __________-__________ में इसका बहुत बड़ा हाथ है | **1**

क. भरण-पोषण

ख. लालन-पालन

ग. मान-सम्मान

घ. ज्ञान-ध्यान

4. कहाँ के निवासियों में बाँस की चीजें बनाने का खूब प्रचलन है ? **1**

क. बंगाल

ख. बिहार

ग. नागालैंड

घ. अरुणाचल प्रदेश

5. उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ? **1**

क. नौकर

ख. साँस-साँस में बाँस

ग. वन के मार्ग में

घ. उपर्युक्त में से कोई नहीं

**5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें- 3x4=12**

क. केशव और श्यामा के मन में अंडों को देखकर तरह-तरह के सवाल क्यों उठते थे ? वे आपस ही में सवाल-जवाब करके अपने दिल को तसल्ली क्यों दे दिया करते थे ?

ख. लाखों-करोड़ों वर्ष पहले हमारी धरती कैसी थी ?

ग. हमारे यहाँ स्त्रियों के खास गीत कौन-कौन से हैं ?

घ. गाँधी जी पैदल क्यों चलते थे ? पैदल चलने के क्या लाभ है ?

ङ. वन के मार्ग में सीता को क्या कठिनाइयाँ हुई ?

च. बाँस से क्या-क्या चीज़ें बनाई जाती हैं ?

**6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें- 4x3=12**

क. गोल चमकीला रोड़ा अपनी क्या कहानी बताता है ? विस्तार से उत्तर लिखें ।

ख. निबंध में लोकगीतों के किन पक्षों की चर्चा की गई है ? बिन्दुओं के रूप में उन्हें लिखें ।

ग. 'आश्रम में गाँधी जी कई ऐसे काम भी करते थे, जिन्हें आमतौर पर नौकर-चाकर करते है' । पाठ से तीन अलग-अलग प्रसंग अपने शब्दों में लिखें जो इस बात के प्रमाण हों ।

घ. खपच्चियों को तैयार करने में किस बात का ध्यान रखा जाता है ? विस्तार से लिखें ।

**7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें- 3x3=9**

क. सुग्रीव का मूल निवास कहाँ था ? उनके बड़े भाई का नाम क्या था ?

ख. रावण ने जब हनुमान के पूंछछ में आग लगा दी तो हनुमान ने क्या किया ?

ग. रावण ने विभीषण को किस बात पर अपने कक्ष से निकाल दिया ?

घ. राम, हनुमान, अंगद और लक्ष्मण ने किन-किन राक्षसों को मारे ?

**8.** अपनी माँ को जन्मदिन की बधाई देते हुए पत्र लिखिए | **5**

अथवा

अपनी रुचियों के विषय में बताते हुए अपनी सहेली को पत्र लिखिए |

**9.** जेब खर्च के विषय में अपने पिताजी के साथ हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए | **3**

अथवा

पिकनिक जाने की तैयारियो के विषय में अपने मित्र/सहेली के बीच की बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए |

**10.** दिए गए विषय से किसी एक विषय पर 70-80 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए- **5**

क. मेरा विद्यालय

ख. होली का त्योहार

ग. मेरा प्रिय पशु

**11.** दिए गए चित्र को देखकर आपके मन में उठ रहे भाव को कम-से- कम 60-70 शब्दों में लिखिए । **3**




******************